एक नजर में

## लादूनाथ आश्रम पर रातभर चला जम्मा जागरण



इंदौर. माली मोहल्ला, एमओजी लाईन्स स्थित महाप्रचंड हनुमान मंदिर, संतश्री लादूनाथ महाराज गुरू आश्रम पर महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में भादौ सुदी दूज के उपलक्ष्य में बाबा रामदेव के जम्मा जागरण का दिव्य आयोजन अखंड ज्योत, महाआरती एवं राजस्थानी, निमाड़ी और मेवाड़ी भजनों की परंपरागत प्रस्तुतियों के साथ हुआ. जम्मा जगरण में पूरी रात राजस्थान एवं मालवा-निमाड़ के भजन गायक कमल प्रजापत, कृपाराम जाट, ब्रजमोहन प्रजापत, जगदीश प्रजापत, सचिन सुईवाल, मयूर सुईवाल, सुमित सुईवाल आदि ने अपनी प्रस्तुतियों से भक्तों को पूरे समय मंत्रमुग्ध बनाए रखा. आश्रम परिवार के दामोदर सुईवाल, रामचंद्र मंडावरा, रामलाल सावरवाल, रोहित सियोटा, बाबूलाल जैन, सत्यनारायण जाट आदि ने सभी भक्तों और गायकों का स्वागत किया. आश्रम के महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में बाबा रामदेव की अखंड ज्योत प्रज्वलित कर आरती के साथ जम्मा जागरण का शुभारंभ हुआ. आश्रम के पुजारी योगेश सुईवाल ने पूरी रात बाबा का जम्मा जगाया. बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे.

## दीक्षारंभ समारोह का आयोजन



इंदौर. श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए अभिसंस्कारण - 2025 दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया. मुख्य अतिथि उद्यमी एवं टेडएक्स स्पीकर आर. एस. चोयल ने विद्यार्थियों से कहा कि सफलता के लिए स्पष्ट लक्ष्य तय करना जरूरी है और स्वदेशी अपनाकर देश के विकास में योगदान दें. विशेष अतिथि प्रमोद साहू सीईओ, अल्फा शील्ड पॉलिम ने आत्मविश्वास, गुरुजनों का सम्मान और चुनौतियों को स्वीकारने का मंत्र दिया. वहीं डॉ. गिरीश शुक्ला एलआईसी ने विद्यार्थियों को उद्यमिता की दिशा में प्रयास करने की प्रेरणा दी. कुलपति डॉ. योगेश चंद्र गोस्वामी ने सीखना, भूलना और पुन: सीखना की प्रक्रिया पर बल दिया. निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने संस्थान की गतिविधियों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों का स्वागत किया. कार्यक्रम में अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मुछाल, कुलाधिपति पुरुषोत्तमदास पासारी और सचिव विष्णुजी पासारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे. इस अवसर पर संस्थान में ई-वाहनों के लिए चार्जिंग प्वॉइंट का भी उद्घाटन किया.

## सामायिक स्वाध्याय से कट जाते हैं अशुभ कर्म



इंदौर. ज्ञान लेगें सुनेगें तो आयेगा, अन्तरआत्मा से ग्रहण करो, अन्तरआत्मा को जगा लो, सामायिक स्वाध्याय करते सारे कर्म कट जाते है. श्रावक अगर जीवन में एक सामायिक का महत्व समझ ले, पालन कर ले और नियम बना ले, तो कर्म बंध नहीं होंगे. प्रयत्न और पुरूषार्थ करने वाला कभी हारता नहीं है, जो यह चाहता है कि वो सब कुछ कर सकता है तो वह कर लेता है. उक्त विचार उपप्रवर्तक श्रुतमुनि महाराज ने व्यक्त किए. पुण्य की कमाई एक सामायिक विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हमें देव तुल्य जन्म मिला है जीवन बार-बार मिलने वाला नहीं हैं. सामायिक, स्वाध्याय, अभय दान, जीवदया से अपने जीवन वो सार्थक करों पिछले अन्नत पुण्य कर्मो से ही यह जीवन मिला है. कल सवत्संरी महापर्व है आलोचना का पाठ होगा. तपस्वियों का बहुमान होगा. अन्तगंढ़ सूत्र का वाचन ओर अर्थ तप शिरोमणी अक्षर मुनी जी महाराज ने बताया। कल का विषय रहेगा खोलो हाथ का द्वार पर प्रवचन होंगे. आज की धर्मसभा डिपीन जैन, रमेश भंडारी, डॉ. नेरन्द्र धाकड़, अचल चौधरी, शरद मेहता, हेमन्त बोहरा, जिनेश्वर जैन, नरेन्द्र मेहता, टी.सी.जैन, सुरेश देशलहरा आदि बड़ी संख्या में महानुभाव उपस्थित थे. धर्म सभा का संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया.

## छात्रों को एजुकेशन एक्सपो में दिया मार्गदर्शन



इंदौर. दिल्ली पब्लिक स्कूल राऊ ने विश्वविद्यालय एजुकेशन एक्सपो-2025 की मेजबानी की. इसमें देश के 12 प्रतिष्ठित संस्थानों का एक समूह एक साथ आया, जिससे छात्रों को अकादमिक दिग्गजों से जुड़ने, विविध कार्यक्रमों का अन्वेषण करने और अपनी पूरी क्षमता को उजागर करने का एक दुर्लभ अवसर मिला. दिल्ली पब्लिक स्कूल राऊ, इंदौर में आयोजित विश्वविद्यालय एजुकेशन एक्सपो 2025 'मेला' एक शानदार सफलता रहा, जिसने छात्रों को अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक भविष्य को आकार देने के लिए सशक्त बनाया. छात्रों को विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के साथ जुड़ने और शैक्षणिक कार्यक्रमों और शोध के अवसरों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला और कई विश्वविद्यालयों ने योग्य छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की. विशेषज्ञ परामर्शदाताओं ने व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान किया, जिससे छात्रों को अपने करियर पथ पर आगे बढ़ने और सूचित निर्णय लेने में मदद मिली.

## कांग्रेस का अहंकार प्रदेश की मातृशक्ति तोड़ेगी

इंदौर. कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश की माताओं बहनों को नशेड़ी बताने वाले बयान पर भाजपा के शहर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. तीन ट्वीट करते हुए मिश्रा ने लिखा कि जीतू पटवारी जी प्रदेश की हर माता और बहन हमारे लिए देवी अहिल्याबाई, रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती और रानी अवंती बाई जैसी पूज्यनीय है. इन माताओं और बहनों को नशेड़ी और शराबी कहकर आपने जो पाप किया है उसके लिए प्रदेश की जनता आपको और कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेंगी. अगले ट्वीट में उन्होंने लिखा कि दरअसल ये राहुल गांधी की कांग्रेस के संस्कार है जो जीतू पटवारी की जुबान से निकलते है. स्त्री शक्ति की अस्मिता का अपमान करना इनकी पुरानी आदत है. इसके पहले भी ये मध्यप्रदेश की स्त्री शक्ति का ऐसा ही अपमान कर चुके है तब भी उन्होंने बहुत ही हलके शब्दों में मातृशक्ति की अस्मिता पर प्रहार किया था. अगले ट्वीट में मिश्रा ने लिखा कि मातृशक्ति की अस्मिता पर प्रहार करने वाले हर राक्षस का अहंकार मातृशक्ति की शक्ति और श्राप ने तोड़ा है. जीतू जी आपका और कांग्रेस का अहंकार भी प्रदेश की मातृशक्ति तोड़ेगी. कांग्रेस के पाप का घड़ा भर गया है अब गांधीजी की इच्छा के अनुरूप कांग्रेस का विसर्जन अवश्यंभावी है. आपके बयान ने तय कर दिया है कि अब कांग्रेस कभी सत्ता में नही आएगी. हमारी लाडली बहने और माताएं उनको दी गई इस गाली का जवाब हर बार अपने वोट से देगी.

# हरतालिका तीज पर महिलाओं ने भक्ति में लीन होकर किया रतजगा

### गन्नू महाराज ने दी भजनों की प्रस्तुतियां, भजनों के साथ नृत्य करके भोले शंकर को मनाया



**इंदौर. हरतालिका तीज पर महिलाओं ने भगवान शिव की भक्ति में लीन रह कर उपवास करके सुबह से ही पूजा में मन लगाया और रात भर रतजगा करते हुए भजनों के साथ नृत्य करके भोले शंकर को मनाया.**

यह सब हो रहा था इंदौर के राजवाड़ा पर. ऐसा माना जाता है कि इसी दिन भगवान शिव ने पार्वती की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर विवाह की सहमति दी थी. इस दिन महिलाएं भगवान शिव पार्वती को 16 श्रृंगार की वस्तुएं अर्पण करती है.

साथ ही हरे रंग की साड़ियां चूड़ियां पहनकर श्रृंगार करके मेहंदी लगाकर रात भर जाकर भगवान की आराधना करती है और सुबह ब्रह्म मुहूर्त में व्रत खोलती है. लोक संस्कृति मंच के संयोजक शंकर लालवानी एवं कार्यक्रम के संयोजक सतीश शर्मा ने बताया कि शहर की हृदय स्थली राजवाड़ा पर हरतालिका तीज पर देश की सबसे बड़ी भजन संध्या का आयोजन किया गया. महिलाओं ने शिव पार्वती की आराधना की और अपने पति एवं परिवार की लंबी उम्र की कामना की.

**भजनों पर किया नृत्य**

गन्नू महाराज ने अपने चिर परिचित अंदाज में भोले की आराधना में भजनों की प्रस्तुतियां दी. उन्होंने मेरा भोला है भंडारी करे नंदी की सवारी, मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, बगड़ बम लहरी जैसे भजन की सु मधुर भजनों की धारा बहा कर हजारों हजार संख्या में आई महिलाओं को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया. कुंवारी कन्याओं ने भी व्रत रखकर एवं निर्जला रहकर अच्छे वर की कामना की. साथ ही श्रृंगार करके आई महिलाओं ने पल्लो लटके रे पर भी नृत्य किया. इस अवसर पर दीपक लवांगडे मुद्रा शास्त्री कंचन गिद्वानी बंटी गोयल संजय यादव नितिन तापड़िया संकल्प वर्मा मुकेश पांडे आदि भी मौजूद थे.



## खजराना गणेश को सवा लाख मोदक सहित 3 लाख से अधिक लड्डुओं के भोग का कीर्तिमान बनेगा

**इंदौर.** खजराना स्थित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर और भक्त मंडल का नाम इस बार एक नए विश्व कीर्तिमान के साथ दर्ज हो जाएगा, जब गणेशोत्सव के पहले दिन 27 अगस्त को यहां सवा लाख मोदक प्रसाद का भोग खजराना गणेश को समर्पित किया जाएगा. इस तरह गणेशोत्सव में संभवत: खजराना गणेश मंदिर देश का पहला ऐसा मंदिर होगा, जहां 3 लाख से अधिक लड्डुओं का भोग समर्पित होगा. मंदिर के मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर आशीष सिंह तथा मंदिर प्रशासक एवं निगम आयुक्त शिवम वर्मा एवं मंदिर के महाप्रबंधक संयुक्त कलेक्टर डॉ. राकेश शर्मा ध्वजा पूजन एवं गणेशजी को स्वर्ण आभूषण समर्पित करने के पश्चात भोग लगाकर मोदक प्रसाद का भक्तों में वितरण भी करेंगे. अरविंद बागड़ी एवं कैलाश पंच ने बताया कि मंगलवार को मंदिर के नवनियुक्त महाप्रबंधक एवं संयुक्त कलेक्टर डॉ. राकेश शर्मा ने भक्त मंडल द्वारा बनवाए जा रहे सवा लाख मोदक प्रसाद का अवलोकन भी किया. इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी पं. अशोक भट्ट, प्रबंधक घनश्याम शुक्ला, सहायक प्रबंधक गौरीशंकर मिश्रा एवं भक्त मंडल से जुड़े श्रद्धालु भी उपस्थित थे.

# निर्माणाधीन सड़कों के पास सुरक्षात्मक संकेतक लगाएं

**सड़कों के निर्माण व संधारण कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें : संभागायुक्त**

**संबंधित विभागों के साथ संभागायुक्त ने की समीक्षा बैठक**



**इंदौर. संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में आज इंदौर संभाग के अंतर्गत सड़कों के निर्माण एवं संधारण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई. बैठक में सड़क निर्माण से जुड़े अधिकारी संभागायुक्त कार्यालय में तथा नगर निगम के अधिकारी गूगल मीट के माध्यम से जानकारी ली.**

बैठक में संभागायुक्त ने संभाग में चल रहे विभिन्न सड़कों, पुल-पुलिया के निर्माण कार्य एवं संधारण कार्यों की समीक्षा की. श्री सिंह ने संधारण और मरम्मत योग्य सड़कों की स्थिति के संबंध में अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की. साथ ही उन्होंने संभाग की सभी सड़कों एवं फ्लाईओवर का निर्माण एवं संधारण का कार्य समयसीमा में गुणवत्ता के साथ करने की सख्त हिदायत भी दी है।

उन्होंने कहा कि बारिश में आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी नहीं हो, इस बात का ध्यान रखा जाये. निर्माणाधीन सड़कों एवं पुल-पुलिया के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से बेरिकेट, होर्डिंग्स, रेडियम आदि के संकेतक लगायें. सड़कों एवं पुल-पुलिया के संधारण का कार्य लगातार जारी रखें. संभागायुक्त श्री सिंह ने आगामी समय मे आने वाले त्यौहारों में सड़कों से किसी तरह की परेशानी न हो इस बात का पूरा-पूरा ध्यान रखने की हिदायत दी है. बैठक में संभागायुक्त कार्यालय में संयुक्त आयुक्त विकास डी.एस. रणदा, एनएचएआई के परियोजना निदेशक प्रवीण यादव, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के डीएम गगन भाबर और प्रबंधक अभिलाष धनोजिया, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता श्री सी.एस. खरत, नगर निगम के अधीक्षण यंत्री हर्ष जायसवाल आदि मौजूद थे.

**समन्वय बनाकर कार्य करें**

खासकर गणेशोत्सव, नवरात्रि आदि त्यौहारों को देखते हुए सड़कों के निर्माण और संधारण के कार्य में गति लायें. राष्ट्रीय राजमार्गों पर भी मरम्मत एवं निर्माण का कार्य जारी रखा जाये. श्री सिंह ने कहा कि संभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कें और संधारण के कार्य में लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका निगम, एनएचएआई, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम आदि विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें. श्री सिंह ने निर्माण कार्यों में हो रहे विलम्ब पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के साथ ही ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी.

# पर्युषण महापर्व में जगमगा उठा पीपली बाजार क्षेत्र

### झांकियों एवं 16 दीप द्वार के दर्शनार्थ उमड़े श्रद्धालु



**इंदौर. भगवान महावीर मार्ग, पीपली बाजार स्थित सफेद एवं लाल मंदिर और समूचा क्षेत्र सोमवार की रात को आकर्षक विद्युत एवं पुष्प सज्जा से श्रृंगारित झांकियों और 16 महासतियों तथा 16 महाविद्या पर आधारित जीवंत और मनोहारी झांकियों से जगमगा उठा.**

नवकार परिवार के कल्याण मित्रों ने पीपली बाजार क्षेत्र के लाल मंदिर में 2300 वर्ष प्राचीन संप्रति महाराजा द्वारा स्थापित सोलहवें शांतिनाथ भगवान को समर्पित मनोहर सेमलिया तीर्थ की और सफेद मंदिर में 16 महासतियों एवं 16 महाविद्या देवी पर आधारित झांकियों को इतने आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया कि देर रात तक 15 से 20 हजार दर्शकों ने कतारबद्ध होकर जी भरकर इन झांकियों को निहारा भी और अपने कैमरों में कैद भी किया.

नवकार परिवार के महेन्द्र ङ्कप्रवीण गुरूजी, सौमिल कोठारी एवं शरद शाह ने बताया कि इस दौरान अ.भा. जैन श्वेताम्बर महिला महासंघ की श्रीमती रेखा जैन के मार्गदर्शन में विभिन्न शाखाओं द्वारा महासतियों एवं महाविद्या पर आधारित नाट्य मंच भी आकर्षण का केन्द्र बना रहा. अनेक महिलाएं पर्युषण महापर्व पर सोलह श्रृंगार में सज-धजकर आईं, जिन्हें पुरस्कृत भी किया गया। समाजसेवी अनिल डोशी, पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर एवं मनीष सुराना सहित अनेक श्रीसंघों के पदाधिकारी भी इस दौरान झांकियों को निहारने आए।

समाजसेवी मनोहरलाल जैन, देवेन्द्र डुंगरवाल, सौरभ कोठारी एवं अन्य बंधुओं ने भी नवकार परिवार के सदस्यों एवं झांकी बनाने वाले कलाकारों का उत्साहवर्धन किया. पूरे मार्ग पर 16 दीप द्वार एवं सरस्वती माता पर आधारित झांकियां भी आकर्षण का केन्द्र बनी रहीं.

नवकार परिवार द्वारा पिछले 15 वर्षों से हर वर्ष नए-नए प्रसंगों पर आधारित झांकियों का निर्माण किया जा रहा था.

नवकार परिवार के अभय खिंदावत, राहुल डांगी, अतुल मंडोवरा, अमित बापना, अभिषेक मेहता, रवि चौरड़िया, मनीष देशलहरा, दीपक कटकानी सहित 11 सदस्यों की समिति ने पूरे पांच घंटों तक झांकी स्थलकी व्यवस्थाओं को संभाला.

# भाजपा महिला मोर्चा ने राजवाड़ा पर किया पटवारी और राहुल गांधी का पुतला दहन

- प्रदेश की मातृशक्ति पर दिए आपतिजनक बयान पर प्रदर्शन
- महिला मोर्चा ने प्रदेश की मातृशक्ति से माफी मांगने को कहा




**इंदौर. कांग्रेस के प्रदेश पर अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश की मातृशक्ति पर दिए गए अभद्र बयान पर भाजपा महिला मोर्चा ने प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और राहुल गांधी का पुतला जलाया. गौरतलब है कि अपने बयान में पटवारी ने मध्यप्रदेश की महिलाओं को सबसे ज्यादा शराब पीने वाली बताया है.**

महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष शैलजा मिश्रा ने कहा कि हरतालिका तीज जैसे पावन अवसर पर जब देशभर की महिलाएं श्रद्धा और आस्था के साथ निर्जला व्रत रखती हैं, उस दिन प्रदेश भर कि मातृशक्ति का अपमान करना कांग्रेस की दूषित मानसिकता को उजागर करता है. क्या यही कांग्रेस की महिलाओं के प्रति असली सोच है.

क्या राहुल गांधी के इशारे पर जीतू पटवारी तीज जैसे पवित्र पर्व पर महिलाओं का घोर अपमान कर रहे हैं. भारतीय संस्कृति और मातृशक्ति का अपमान करने वाली कांग्रेस की यह संकीर्ण व दूषित सोच प्रदेश की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी.

महिला मोर्चा ने मांग की है कि जीतू पटवारी को इस टिप्पणी के लिए सभी मातृशक्तियों से माफी मांगनी होगी.

इस अवसर पर भाजपा नगर महामंत्री सविता अखंड, महिला मोर्चा महामंत्री कंचन गिदवानी, उपाध्यक्ष वृंदा गौड़, नगर मंत्री अनीता व्यास, नगर मंत्री ज्योति पंडित, माधुरी जायसवाल, रुपाली पेंढारकर सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं.


**मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड**

**कॉर्पोरेट कार्यालय-** मोतीलाल ओसवाल टॉवर, रहीमतुल्ला सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई-400025. ईमेल- hfquery@motilaloaswal.com. CIN संख्या- U65923MH2013PLC248741

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति/यों के लिए)**

**(सिक्योरिटी इंटरेस्ट (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (1) के अंतर्गत)**

चूंकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (औपचारिक रूप से एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत, तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांक 15 सितम्बर 2002 को निम्नलिखित उधारकर्ताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर उक्त नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए आह्वान करते हुए, दिनांक 15 सितम्बर 2002 को डिमांड नोटिस जारी किया है. निम्नलिखित उधारकर्ताओं द्वारा राशि वापस न किए जाने के कारण, निम्नलिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ नीचे उल्लिखित तिथि को नीचे वर्णित संपत्तियों पर कब्जा ले लिया है.

| क्र. | ऋण अनुबंध संख्या/उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम | डिमांड नोटिस तिथि और कुल बकाया | कब्जे लेने की तिथि | अचल संपत्ति का विवरण संपत्ति के सभी भाग और पार्सल जिसमें शामिल है |
|---|---|---|---|---|
| 1. | LXDEW00216-170041783<br>उधारकर्ता- विकास सुरेश चन्द्र दुबे<br>सह-उधारकर्ता- सुरेश माखनलाल चन्द्रा | 25-5-2021<br>रु.<br>395164/- | 21-8-2025 | मकान संख्या 90, वार्ड संख्या - 11, जैन मंदिर रोड, ग्राम मक्सी, परगना, शाजापुर, मध्य प्रदेश - 465106 |
| 2. | LXIND00317-180065560<br>उधारकर्ता- विष्णु बद्रीलाल चौहान<br>सह-उधारकर्ता- लक्ष्मी विष्णु चौहान | 25-5-2021<br>रु.<br>779892/- | 20-8-2025 | मकान संख्या - 47, आवास संख्या - 16, सर्वे संख्या - 7/2/2, पटेल नगर, खजराना, इंदौर, मध्य प्रदेश - 452001 |

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो कि ऊपर उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए होगा. उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो कि सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है.

स्थान : मध्य प्रदेश
दिनांक : 27.08.2025

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
मोतीलालओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड


**धर्म-आस्था** | आज पर्युषण के समापन पर सुबह पौषद, 9 बजे से प्रवचन एवं वारसा सूत्र का वाचन तथा 3 बजे से

# पर्युषण में जैनाचार्य विश्वरत्न सागर ने पहली बार खुले मंच से किया केश लोच



**इंदौर. एयरपोर्ट रोड, नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे चातुर्मास अनुष्ठान और पर्युण महापर्व के सातवें दिन बुधवार को जैनाचार्य प.पू. विश्वरत्न सागर की निश्रा में सुबह 6 बजे पौषद, 9 बजे से प्रवचन एवं वारसा सूत्र का वाचन, दर्शन एवं सत्संग के पश्चात दोपहर 3 बजे से प्रतिक्रमण का दिव्य आयोजन होगा.**

प्रतिक्रमण का आयोजन पीपली बाजार स्थित लाल-सफेद मंदिर पर जैनाचार्य विश्वरत्न सागर की निश्रा में होगा, जबकि नवरत्न वाटिका पर गणिवर्य कीर्तिरत्न सागर एवं मुनिप्रवर प्रतिक्रमण संपादित कराएंगे. पर्युषण महापर्व के सातवें दिन का यह सबसे महत्वपूर्ण आयोजन होगा. मंगलवार को नवरत्न वाटिका में उपस्थित हजारों समाजबंधुओं की उपस्थिति के बीच जैनाचार्य विश्वरत्न सागर ने अपने केश लोच की विधि संपन्न की, जिसे पूरा करने में मात्र 8 मिनट का समय लगा.

शहर में यह संभवत: पहला मौका था, जब श्वेताम्बर जैन समाज के श्रावक-श्राविकाओं की मौजूदगी में जैनाचार्य ने केश लोच की विधि पूरे उल्लास के साथ संपन्न की. इस बीच नवकार महामंत्र का जाप्यानुष्ठान भी चलता रहा और जैसे ही केश लोच की विधि संपन्न हुई, समूची वाटिका जिनशासन के जयगोष से गूंज उठी.

ट्रस्ट की ओर से संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, मनीष सुराना, प्रीतेश ओस्तवाल, दिलीप मंडोवरा, दिलसुखराज कटारिया आदि ने लाभार्थी परिवारों का बहुमान किया. संचालन शेखर गेलड़ा ने किया.

**जिनशासन के सिद्धांतों का निर्वहन कर रह**

जैनाचार्य विश्वरत्न सागर ने केश लोच के पश्चात कहा कि यह गुरुदेव और आचार्यों की परंपरा का निर्वहन है और श्रावक-श्राविकाओं के बीच यह विधि इसलिए की गई है कि आप सबको यह पता चले कि साधु भगवंत किस तरह तप और संयम के साथ जिनशासन के सिद्धांतों का निर्वहन कर रहे हैं. पिछले तीन दिनों में नरसिंह वाटिका में पधारे हुए लगभग सभी गणिवर्य, मुनि प्रवर एवं अन्य साधु भगवंतों ने भी केश लोच की विधियां संपन्न की हैं.